



**सुधार** | पांच में से सिर्फ बन सकी दो मोटर, दोपहर बाद बहाल हुई जलापूर्ति

# शुक्रवार दोपहर तक सूखे रहे नल





**जबलपुर, नवभारत।** बीते गुरुवार ललपुर वॉटर प्लांट के पम्प में आई तकनीकी खराबी के कारण रेलवे परिसर में जलापूर्ति बाधित रही। यही नहीं ये समस्या शुक्रवार दोपहर तक बनी रही जिसके चलते रेलवे स्टेशन सहित कालोनियों, कैंटीन एवं डीआरएम कार्यालय में भी नल सूख जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दे कि विगत गुरुवार को ललपुर वॉटर प्लांट में पांच मोटर बिगड़ जाने के चलते पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय जबलपुर स्टेशन सहित तमाम रेल कालोनियों में जलसंकट शुक्रवार को भी बरकरार रहा। हालांकि रेल प्रशासन ने शुक्रवार दोपहर तक पांच में से दो मोटरों के ठीक हो जाने का दावा किया था। वही नगर निगम के टैंकर्स के द्वारा रेलवे के पुल नंबर 1 के पास स्थित जलशोधन संयंत्र में पानी की सप्लाई समय समय पर की गई।

### इन ट्रेनों में हुआ जलसंकट

बता दे कि रेलवे स्टेशन पर पानी नहीं होंने से मंडल से शुरू होने एवं यहां से गुजरने वाली ट्रेनों में पानी नहीं भरा जा सका था। यहां से गुजरने वाला हावड़ा मेल, जनता एक्सप्रेस और यहां से शुरू होने वाली गोंडवाना, श्रीधाम, महाकोशल जैसी कई ट्रेनों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई। ऐसे में आगे के स्टेशन कटनी, नरसिंहपुर और इटारसी से पानी भरवाने की व्यवस्था की गई। स्थिति ये थी की ट्रेनों के वॉशरूम और स्टेशन परिसर में बने सुलभ कॉम्प्लेक्स में भी पानी नहीं होने से लोग बुरी तरह परेशान हुए। शौचालयों में गंदगी फैलने लगी और स्नानगृहों में ताला लगाना पड़ा। वही ट्रेनों में पानी भरने की जिम्मेदारी सतना, कटनी व इटारसी स्टेशनों को दी गई थी।

**फैक्ट फाइल**

- लगभग 90 लाख लीटर पेयजल की होती है सप्लाई
- जिसमें से लगभग 60 लाख लीटर पेयजल स्टेशन और लगभग 30 लाख लीटर पेयजल परिसर और कालोनियों में होता है

### नहीं है कोई दूसरा रास्ता

रेलवे नगर निगम के टैंकरों व फायर ब्रिगेड के वाहनों से पुल नंबर के पास बने जलशोधन संयंत्र में पानी मंगवा कर आपूर्ति का प्रयास कर रहा था। क्योंकि रेलवे के पास सिवाए ललपुर प्लांट पर आश्रित होने के अलावा और कोई भी दूसरा रास्ता उपलब्ध नहीं है। प्लेटफार्मों पर यात्रियों को जलापूर्ति नहीं होने से प्रभावित होना पड़ा, साथ ही नवरात्र के पावन पर्व के मौके पर शहर की तमाम रेल कालोनियों में हाहाकार मचा रहा। रेल कर्मचारी व उनके परिवार आसपास के क्षेत्रों में पानी के लिए भटकते रहे। वही जिम्मेदारों ने बताया कि अचानक आये जल संकट को देखते हुए इंजीनियर्स व तकनीकी स्टाफ लगातार ललपुर से आपूर्ति होने वाली पाइप लाइन में सुधार कार्य कर रहे थे। जिसमें से दो मोटरों को चालू भी कर लिया गया था।

# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर जताया आक्रोश

**कांग्रेसियों ने भाजपा के खिलाफ की जमकर नारेबाजी**



**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी को निशाना बनाते हुए की गई अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेसियों का आक्रोश फूट गया और बड़ी संख्या में एकत्रित होकर कांग्रेसियों ने मालवीय चौक पर कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया और भाजपा नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि भाजपा यदि विजयवर्गीय पर तत्काल कार्यवाही कर उन्हें पद से नहीं हटाती और सार्वजनिक रूप से उनसे कांग्रेस नेतृत्व तथा देश की जनता से क्षमा याचना नहीं कराती तो कांग्रेसजन और उग्र आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन के दौरान सभी कांग्रेसियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि कांग्रेस पार्टी अपने शीर्ष नेतृत्व के मान और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी और भविष्य में भी इस प्रकार की अभद्रता का माकूल जवाब सड़कों पर उतरकर दिया जाएगा। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा है कि आपत्तिजनक टिप्पणी से पूरे कांग्रेसियों की भावनाएं आहत हुई हैं। यह बयान केवल व्यक्तिगत स्तर पर अपमान नहीं है बल्कि भारतीय लोकतांत्रिक परंपराओं, शिष्ट राजनीतिक संवाद और सामाजिक मर्यादा का भी उल्लंघन है। प्रदर्शन में दिनेश यादव,अमरीश मिश्रा, सतीश तिवारी,मतीन अंसारी, कमलेश यादव,इंद्रा पाठक, अनुराग गढ़वाल, रुकमणी गोंटिया,अयोध्या तिवारी, संतोष दुबे पंडा,गुड्डू नबी,अख्तर अंसारी, सत्येंद्र चौबे गुड्डा,अतुल बाजपेयी, विवेक अवस्थी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

### मंत्री की टिप्पणी ओछी मानसिकता का परिचायक

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा भाई बहन के रिश्ते पर ओछी टिप्पणी करना उसकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है कोष्टा ने कहा कि मंत्री अपने कार्यकर्ताओं पर टिप्पणी करने के बजाय विपक्ष के ऊपर टिप्पणी न करें। उन्होंने कहा कि मंत्री क्या जाने हमारे भाई बहन बेटी का रिश्ता क्या होता है इसे पूरा देश समझता है कांग्रेस ने मंत्री के इस कृतय के खिलाफ उनके पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया। और ऐसे मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है।

# पुलिस की घेराबंदी देख भागा बदमाश पहाड़ी में गिरा

**कटीली झाड़ियों में फंसकर हुआ जख्मी, बम-चाकू के साथ गिरफ्तार**



**जबलपुर।** शिलाकुंज पहाड़ी में पुलिस की घेराबंदी देखकर बदमाश ने दौड़ लगा दी और गिर गया इस दौरान वह कटीली झाड़ियों में फंस गया और जख्मी हो गया। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार करने के बाद उसके कब्जे से दो बम, एक चाकू जब्त किया गया है।

टीआई नितिन कमल ने बताया कि सूचना मिली कि एक युवक सुअरमार बम एवं चाकू खोंसे घटना करने के इरादे से शिलाकुंज पहाड़ी में बरगद के पेड़ के नीचे खड़ा है सूचना पर दबिश दी गई। पुलिस की घेराबंदी देखकरयुवक भागने लगा और इस दौरान कटीली झाड़ियों में फंसकर उसकी शर्ट फट गयी एवं पत्थरों में गिरने से चोटें आ गई। हालांकि घेराबंदी कर प्रशांत सिंह उर्फनिक्की ठाकुर पिता संतोष सिंह ठाकुर 18 वर्ष निवासी रामपुर छापर गोरखपुर को पकड़ लियागया जिसके कब्जे से दो बम, एक चाकू जब्त किया गया।

### नौ अपराध है दर्ज

उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध हत्या के प्रयास, अवैध वसूली, घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के 9 अपराध दर्ज है।

## नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

**नवभारत,जबलपुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कृषि भूमि को होने वाले नुकसान और पर्यावरण को पहुंचने वाली क्षति के मद्देनजर जिले में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश में धान फसल की कटाई में प्रयुक्त किये जा रहे कम्बाइन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिये स्ट्रा रीपर को रखना भी अनिवार्य किया गया है। आदेश में कहा गया है कि इसका उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता-2023 के प्रावधानों के तहत दण्डनीय कार्यवाही होगी। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जबलपुर जिले में पराली (नरवाई) जलाने की घटनाओं को रोकने जिला स्तरीय, खंड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समितियों का गठन किया है।

# मंत्री का निर्देश फिर भी अधिकारी नहीं कर रहे निराकरण

**मनरेगा अभियंता संघ ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन**



**जबलपुर।** मनरेगा अभियंता संघ ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम कलेक्टर के द्वारा जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत को 8 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा। मनरेगा अभियंता संघ ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल की पंचायत मंत्री, अपर मुख्य सचिव, कमिश्नर से 8 सूत्रीय मांगों को अगगत कराया एवं निराकरण के लिए बिंदुवार चर्चा हुई थी। जिसमें मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मीटिंग में मनरेगा अभियंताओं की मांगों की पूर्ति के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही मनरेगा अभियंता संघ मध्यप्रदेश के प्रतिनिधि मंडल को मंत्री से मुलाकात में हुई चर्चा में बताया गया कि वरिष्ठ अधिकारियों को मनरेगा अभियंताओं की समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दे दिए हैं। लेकिन मंत्री के बार बार निर्देश देने बाद भी प्रदेश स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मनरेगा अभियंताओं की मांगों के संबंध में ना ही कोई निराकरण किया जा रहा, ना ही आदेश जारी किए जा रहे। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आदेश जारी करने के आश्वासन देकर केवल बात को टाला जा रहा है। साथ ही विगत 3 माह से मनरेगा अभियंताओ को वेतन भी नहीं दिया गया। इस से प्रदेश के मनरेगा के 1335 उपयंत्री मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ित महसूस कर रहे है। संघ ने मांग की है कि प्रदेश के 1335 अभियंताओं की 8 सूत्रीय मांगों पर विचार करते हुए शीघ्र निराकरण किया जाए।

# महिला सरपंच से झूमाझपटी कर धमकाया

**जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत इंद्राना में शौचालय तोड़ने की शिकायत की जांच करने तहसीलकार्यालय से पहुंचे अधिकारी के साथ शिकायतकर्ता ने महिला सरपंच के साथ अभद्रता करते हुए झूमाझपटी कर धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शाम श्रीमति कौशल्या सिंह 35 वर्ष निवासी ग्राम कापा इंद्राना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम कापा में सरपंच के पद पर कार्यरत है उसके गांव का योगेन्द्र सिंह उर्फ खटपट उसके द्वारा ग्राम सरपंच के रूप में किये गये कामों पर उंगली उठाता रहता है मना करने एवं समझाने पर उससे 50 हजार रूपये की मांग करता है शौचालय तुड़वाने का झूठा आरोप लगाकर तहसील कार्यालय मझौली में झूठी शिकायत कर दिया था जिसकी जांच के लिये तहसील कार्यालय के अधिकारी 24 सितम्बर को ग्राम कापा आये थे एवं उसके एवं गवाहों के बयान लिये थे तभी योगेन्द्र उर्फखटपट आकर धमकाने लगा। समझाइश देने पर उसके साथ झूमाझपटी कर धक्का मुक्की कर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# दहेज प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने की थी आत्महत्या

**मर्ग जांच में खुलासा प्रकरण दर्ज, आरोपी पति सास गिरफ्तार**

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत रैपुरा में दहेज प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहित ने आत्महत्या की थी। मर्ग जांच में खुलासा होने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी पति सास को गिरफ्तार कर लिया है। नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल सुश्री राजेश्वरी कौरव ने बताया कि श्रीमति महिमा कुशवाहा 25 वर्ष की शादी मई 2025 में ग्राम रैपुरा निवासी अंकित पटैल के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी। 6 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मर्ग जाँच दौरान पाया गया कि महिमा कुशवाहा की शादी अंकित पटेल (काछी) निवासी ग्राम रैपुरा थाना पनागर से दोनो परिवारो की आपसी सहमति से मई 2025 को हुई थी। विवाह के दौरान लगुन के कार्यक्रम के समय 20,000 रूपये चढ़ाये जाने पर अंकित पटेल ने लगुन वापस करते हुये कहा था कि दहेज में 50,000 रूपये चाहिये है, काफी समझाने के बाद पति अंकित ने 20,000 रूपये रख लिये थे। द्वारचार के समय पति अंकित पटेल द्वारा सोने की अंगूठी की मांग करने पर महिमा के पिता राजेश कुशवाहा ने पति अंकित पटेल को 20,000 रूपये दिये थे। विवाह के उपरांत पति अंकित पटेल एवं सास मंजू पटेल दहेज में वडा फ्रिज, बडा कूलर और रायल इनफील्ड मोटर साइकिल लाने को कहते थे मांग पूरी न करने पर मारपीट कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करते थे। जिससे तंग आकर श्रीमति महिमा ने जहर का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। संपूर्ण मर्ग जाँच पर पति अंकित पटेल, सास मंजू पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## निराश्रित व्यक्तियों को किया रेस्क्यू

**जबलपुर, नवभारत।** बीते शुक्रवार को सहा. उप निरीक्षक धीरज, प्रधान आरक्षक अरुण यादव व स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार जायसवाल, महिला सफाई कर्मचारी फूलबाई व मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति के सदस्य ने रेलवे स्टेशन में विशेष अभियान चलाया जिसमें जबलपुर स्टेशन मैं रेलवे परिसर प्लेटफॉर्म में निराश्रित 08 व्यक्तियो को रेस्क्यू किया गया रेस्क्यू किए गए सभी निराश्रित (महिला व पुरुष) को मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति में पुनर्वास हेतु भेजा गया।

# थाने में रिपोर्ट करने पर बदमाशों ने युवक पर किया प्राणघातक हमला

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत वृंदावन डेयरी में बदमाशों ने थाने रिपोर्ट करने के विवाद पर युवक पर चाकू डंडे से प्राणघातक हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसकी हालत में मेडिकल रेफर कर दिया है। पुलिस ने बताया कि ओमप्रकाश सिंह कुशवाहा 43 वर्ष निवासी नेता कालोनी अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दूध का धंधा करता है गुरुवार शाम लगभग 7-10 बजे अपने घर से दूध लेकर वृंदावन डेयरी गया था जहां कमलेश पटैल, प्रिंस पटैल एवं प्रियांशु पटैल अपने एक साथी के साथ मिले जो पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ विवाद करने लगे, बोले कि तेरे भाई जयप्रकाश ने हमारे खिलाफ थाना में रिपोर्ट किया है आज तुझे नहीं छोड़ेगे कमलेश पटैल ने जान से मारने की नियत से डंडे से हमलाकर सिर, कंधा, दोनों हाथ और प्रिंस पटैल एवं प्रियांशु पटैल ने चाकू से हमलाकर दोनों हाथ पैर कंधे, पीठ एवं शरीर मे चोट पहुँचा दी एवं उनके साथी ने हाथ मुक्कों से मारपीट की जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

## 1 अक्टूबर से डबल पेनाल्टी लगाकर होगी वसूली-कुर्की

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार वसूली अभियान चलाया जा रहा है और इनके द्वारा निगम की आय बढ़ाने के लिए प्रतिदिन राजस्व अमले को प्रेरित करने के साथ-साथ करदाताओं से भी बकाया करों की राशि 30 सितम्बर तक जमा करने और छूट का लाभ लेने अनुरोध किया जा रहा है। अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर, संभागीय अधिकारी अनुपम शुक्ला एवं दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी दी है कि करदाताओं के पास करों की राशि में छूट लेने अब मात्र 4 शेष हैं। इसके बाद करदाताओं के ऊपर अधिभार लगाकर बकाया करों की वसूली के साथ-साथ कुर्की, नल कनेक्शन काटने के अलावा अन्य वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। राजस्व विभाग के द्वारा आज संभाग क्रमांक 2 और 5 के अंतर्गत 1 लाख से अधिक के 40 बकायादारों को धारा 173 एवं 174 के तहत् नोटिस जारी कर बकाया करों की राशि जमा करने कहा गया है। 30 सितम्बर तक इनके द्वारा बकाया करों की राशि जमा नहीं की जाती है तो इनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

# जल्द ही होगा उमरिया हाईटेक गौशाला का निर्माण: निगमायुक्त



**अधिकारियों के साथ लिया जायजा, नक्शे का अवलोकन**

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भावना के अनुरूप महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के मार्गदर्शन में उमरिया स्थित हाईटेक गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका निरीक्षण शुक्रवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ किया। इस अवसर पर निगमायुक्त अहिरवार ने गौशाला निर्माण से संबंधित तकनीकि पहलुओं को अधिकारियों से समझा और नक्शे का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के मौके पर निगमायुक्त ने अधिकारियों को बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था और स्वच्छता अभियान को उत्तम बनाने की दिशा में गौशाला का निर्माण अतिआवश्यक है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से चर्चा कर निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भावना और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के मार्गदर्शन में गौशाला के निर्माण कार्यो की प्रक्रियाओं में गति लाएँ और निर्धारित समय सीमा के अंदर उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाये। इस अवसर पर अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री अनिकेत गोरैया, उपयंत्री अनिल विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

**बैठक** | मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर विकास को लेकर अन्य विषयों पर भी हुई चर्चा और लिये गए निर्णय

# रूकी हुई परियोजनाएं होगी पूर्ण, तोड़े गए मकानों का मुआवजा देने प्रस्ताव मंजूर



**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम चार बजे से नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित महापौर कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गयी। मेयर इन काउंसिल की बैठक में सर्वसम्मती से सभी आवश्यक प्रस्तावों की स्वीकृति प्रदान की गयी। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत परसवाड़ा और भटौली स्थलों पर रूके हुए कार्यो को पूर्ण करने भवनों को यथा स्थिति जहाँ है जैसा है के आधार पर व्ययन, विक्रय करने एवं परियोजना के अंतर्गत शेष रिक्त भूमि पर व्यवसायिक एवं आवासीय प्लाटिंग करने का निर्णय लिया गया, जिससे कि रूकी हुई परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए समूचित वित्तीय प्रबंधन की व्यवस्था की जा सके। मेयर इन काउंसिल की बैठक में मुआवजा देने, भूमि आवंटन, नामकरण करने, एवं प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गए जिसमें क्रमशः दमोहनाका पीली बिल्डिंग से लगकर निगम द्वारा तोड़े गए मकानों के मुआवजा देने संबंधी प्रस्ताव, ग्राम कठौंदा में अस्थाई रूप से 1 दुकान के लिए लीज के रूप में भूमि आवंटन संबंधी प्रस्ताव, महर्षि महेश योगी वार्ड के पुष्पक नगर उद्यान नमो उद्यान के नाम से करने, गुप्तेश्वर मंदिर परिसर में स्थापित की जायेगी महर्षि जाबालि ऋषि की दिव्य और भव्य प्रतिमा, राईट टाउन प्रेम मंदिर स्थित चौराहा एवं मार्ग अब राजा बहादुर सिंह च्च्राजा भैयाज्ज् के नाम से, विजय नगर में एच.पी. कॉलेज के निकट स्थित चौराहा का नाम अब सिद्धी विनायक चौक के नाम से, एकता चौक विजय नगर से परोहा बिल्डिंग पुलिया तक जाने वाले मार्ग अब महाराजा अग्रसेन मार्ग के नाम से एवं अंजूमन स्कूल और सरकार अस्पताल के बीच स्थित चौराहे का नाम बंगाली क्लब चौक तथा बंगाली क्लब चौक से करमचंद चौक तक मार्ग का नाम बंगाली क्लब मार्ग के नाम से नामकरण करने संबंधी सभी प्रस्ताव मेयर इन काउंसिल से स्वीकृत कर सदन की ओर अग्रेषित किया गया। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल के सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, दामोदर सोनी, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोटिया, सहायक आयुक्त श्रीमती अंकित बर्मन, शिवांगी महाजन, प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी सुनील दुबे, स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी एवं सहायक यंत्री अभिनव मिश्रा, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, मेयन इन काउंसिल सचिव के.सी. पाण्डेय, उपयंत्री अमन तिवारी, श्रीमती दीप्ति भनारिया, आदि उपस्थित रहे।

### अनियमित्ताएं मिली तो होगी सख्त कार्रवाई

बैठक में महापौर श्री अन्नू ने सभी अधिकारियों विशेषकर तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यो को अपनी मौजूदगी में प्रारंभ कराएँ एवं उसपर नियमित रूप से खुद निगरानी रखें, अन्यथा कोई भी अनियमित्ताएँ पाये जाने पर व शिकायतें प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।